आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 24.07.2024

मुख्य समाचारः—

1— सर्वोच्च न्यायालय लंबित मामलों को निपटाने और सौहार्द्रपूर्ण समाधान के लिए उनतीस जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा।

2— माओवाद प्रभावित इलाकों में पदस्थ पुलिसकर्मियों के स्थानांतरण के संबंध में राज्य सरकार तैयार कर रही है नीति—सदन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने दी जानकारी।

3— कानून व्यवस्था की स्थिति, बिजली कटौती और नकली खाद—बीज बिक्री के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने आज विधानसभा घेराव करने की कोशिश की—पुलिस ने रास्ते में ही रोका।

4— नीट—यूजी परीक्षा के तहत देशभर के सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए आज से शुरू हुई काउंसिलिंग की प्रक्रिया।

सर्वोच्च न्यायालय—लोक अदालत

सर्वोच्च न्यायालय लंबित मामलों को निपटाने और सौहार्द्रपूर्ण समाधान के लिए उनतीस जुलाई से तीन अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा। यह पहल सर्वोच्च न्यायालय की स्थापना के पचहत्तरवें वर्ष में मील का पत्थर है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने उन नागरिकों से इस पहल का लाभ उठाने की अपील की है, जिनके मामले शीर्ष अदालत में लंबित हैं।

सशस्त्र सेना—अग्निवीर

सीमा सुरक्षा बल—बीएसएफ, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल—सीआईएसएफ और रेलवे सुरक्षा बल—आरपीएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने पूर्व अग्निवीरों को अपने—अपने संगठन में शामिल करने की तैयारियां कर ली हैं। बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, सीआईएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह और आरपीएफ के महानिदेशक मनोज यादव ने कहा है कि पूर्व अग्निवीरों को विभिन्न संगठनों में भर्ती के लिए दस प्रतिशत आरक्षण, शारीरिक दक्षता परीक्षा और आयु सीमा में छूट मिलेगी।

विधानसभा

राज्य विधानसभा में आज प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति का मुद्दा गूंजा। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने इस मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव लाया। स्थगन प्रस्ताव की ग्राह्यता पर करीब तीन घंटे तक चर्चा हुई। बाद में उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा के वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया। इसके बाद कांग्रेस सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बर्हिगमन कर दिया।

शासकीय राशन दुकानों में खराब गुणवत्ता के चना वितरण का मामला नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने ध्यानाकर्षण के जरिये उठाया। उन्होंने कहा कि कई जिलों में गुणवत्ताहीन चना बांटा गया है। इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने इस मामले की जांच कराने की घोषणा की।

इससे पहले, प्रश्नकाल में कांग्रेस विधायक सावित्री मंडावी द्वारा माओवादी इलाकों में पदस्थ पुलिसकर्मियों की स्थानांतरण नीति के संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में गृहमंत्री ने कहा कि ऐसे इलाकों में काम कर रहे पुलिसकर्मियों के लिए नीति बनाई जा रही है। कांग्रेस विधायक का कहना था कि माओवाद प्रभावित इलाकों में पदस्थ कुछ पुलिसकर्मी दस वर्षों से भी ज्यादा समय से वहां तैनात हैं। जबकि, कुछ अन्य दो—तीन साल में ही अपना ट्रांसफर करा लेते हैं। उन्होंने कहा कि सबके लिए एक समान नीति होनी चाहिए।

सदन में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने पुलिस–माओवादियों के बीच कथित फर्जी मुठभेड़ का मामला उठाया। कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने आरोप लगाया कि माओवादी बताकर ग्रामीणों को मारा जा रहा है। जवाब में गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस आरोपों को निराधार और असत्य बताया।

अनुपूरक बजट–पारित

प्रदेश में मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना फिर से शुरू की जाएगी। इसके लिए कल विधानसभा में पारित हुए अनुपूरक बजट में प्रावधान किया गया है। यह अनुपूरक बजट करीब सात हजार तीन सौ उनतीस करोड़ रूपए का है।

इसके अलावा रायपुर के नालंदा परिसर की तर्ज पर प्रदेश के तेरह नगरीय निकायों में लाइब्रेरी निर्माण के प्रस्ताव को वित्त विभाग ने मंजूरी दे दी है। लाइब्रेरी को "नॉलेज बेस्ड सोसायटी" यानी "ज्ञान आधारित समाज'' के प्रतीक के रूप में प्रदेश के अलग–अलग स्थानों में स्थापित किया जाएगा। इसके लिए पचासी करोड़ रुपए से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। प्रदेश के चार नगरीय निकायों में पांच सौ सीटर और नौ नगरीय निकायों में दो सौ सीटर लाइब्रेरी का निर्माण किया जाएगा।

कांग्रेस–विधानसभा घेराव

प्रदेश में कथित रूप से बिगड़ती कानून व्यवस्था, बिजली कटौती और नकली खाद–बीज की बिक्री को लेकर प्रदेश कांग्रेस ने आज रायपुर में विधानसभा का घेराव करने का प्रयास किया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पंडरी स्थित मंडी गेट के पास एकत्र हुए। विधानसभा घेराव के पहले दिल्ली से रायपुर पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान सभी नेताओं ने राज्य सरकार को लचर कानून व्यवस्था और बीते दिनों बलौदाबाजार में हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया।

सभा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा की ओर कूच किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरियर तोड़कर विधानसभा पहुंचने की कोशिश की। पुलिस ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तितर–बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प भी हुई। जिसमें कुछ कार्यकर्ताओं को मामूली चोटें आईं। जबकि, कुछ पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं।

नीट/यूजी–काउंसिलिंग

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नीट–यूजी परीक्षा–दो हजार चौबीस को दोबारा कराने के इंकार के साथ ही देशभर में सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेजों में स्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए आज से कॉउंसलिंग की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इससे पहले, न्यायालय ने कहा था कि हमारा ये मानना है कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर नीट–यूजी परीक्षा को रद्द करना उचित नहीं है।

मौसम

प्रदेश में पिछले दो दिनों से रूक–रूककर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने बिलासपुर, राजनांदगांव, मुंगेली, कांकेर और बीजापुर जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए कुछ स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। वहीं, रायपुर, दुर्ग, बस्तर और दंतेवाड़ा सहित दस जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

कोरबा जिले में बीते दो दिनों से हो रही बारिश के कारण गेवरा खदान में जलभराव की स्थिति देखने को मिल रही है। कस्बे की अधिकांश सड़कों और बस्तियों में पानी भर गया है। दीपका की एसईसीएल कॉलोनी सहित कुछ अन्य क्षेत्रों की निचली बस्तियों में पानी भरने का समाचार मिला है।

इस बीच, बलौदाबाजार जिले में तेज बारिश के कारण नदी–नाले उफान पर हैं। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात किया गया है। सिमगा से छोटा पुल होते हुए बेमेतरा जाने वाले रास्ते पर रोक लगा दी गई है। वहीं, भाटापारा–सेमरिया, कसडोल–पिथौरा और पलारी–सिरपुर मार्ग पर भी पुल के ऊपर पानी आने के कारण लोगों को सतर्क किया जा रहा है।

दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी के जलस्तर में कमी आई है। महामरा एनीकट में भी कल की तुलना में जलस्तर कम हुआ है। एसडीआरएफ की टीम ने कल रात जिले के चांगोरी गांव में फंसे बारह लोगों को सुरक्षित निकाला।

माओवादी गिरफ्तार/समर्पण

दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने एक लाख रूपये के इनामी माओवादी को गिरफ्तार किया है। इस माओवादी पर अरनपुर थाने में विभिन्न मामले दर्ज हैं। मिली जानकारी के अनुसार अरनपुर थाना क्षेत्र के बुरगुम–नीलवाया क्षेत्र में डीआरजी और बस्तर फाइटर्स की टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान ग्राम बुरगुम के पास सुरक्षा बलों ने इस माओवादी को घेराबंदी कर पकड़ा।

यह माओवादी बुरगुम क्षेत्र में जनताना सरकार के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहा था।

उधर, कांकेर जिले में तीन इनामी महिला माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। इनमें से एक माओवादी पर पांच लाख और दो माओवादियों पर एक–एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। इन महिला माओवादियों में से एक गढ़चिरौली डिवीजन में एरिया कमेटी सदस्य और दूसरी माओवादी टेलर टीम की सदस्य थी। वहीं, तीसरी माओवादी मेढ़की एलओएस सदस्य थी। आत्मसमर्पण करने वाली इन माओवादियों को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस–पच्चीस हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई।

इस बीच, कोंडागांव जिले के इरागांव क्षेत्र के अंतर्गत कोटकोडो–तमोरा इलाके से पुलिस ने पांच–पांच किलो के दो आईईडी बरामद किए हैं। ये आईईडी माओवादी ने पुलिस को नुकसान पहुंचाने के इरादे से लगाए थे। बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

महिला सैनिक भर्ती–आवेदन

बस्तर में एक सौ तीस महिला नगर सैनिकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इच्छुक उम्मीदवार दस अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है कि बस्तर जिले में बालिका आश्रम और छात्रावासों में रह रही बालिकाओं की सुरक्षा के लिए महिला नगर सैनिकों की भर्ती की जानी है। इसके लिए नगर सेना मुख्यालय स्तर से विज्ञापन जारी किया गया है।

नगर सेनानी एस.के. मार्बल ने बताया कि जिला पुलिस बल में भर्ती के लिए होमगार्ड के अभ्यर्थियों को पच्चीस प्रतिशत तक आरक्षण दिया जाएगा। भर्ती के दौरान मूल निवासी प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता, रोजगार पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के साथ ही शारीरिक आर्हताएं पूरा करना होगा।

<u>कांवड़ यात्रा–व्यवस्था</u>

सावन माह के दौरान शिवभक्तों द्वारा अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक डेढ़ सौ किलोमीटर की कांवड़ यात्रा शुरू हो गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर इस यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। वहीं, कांवड़ियों के लिए पंद्रह से अधिक स्थानों पर चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस पेट्रोलिंग भी की जा रही है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हर गुरुवार को होने वाला जनदर्शन कार्यक्रम कल पच्चीस जुलाई को छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है।

–एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विधानसभा आवासीय परिसर में कल किया जाएगा पौधारोपण। मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष सहित विभिन्न मंत्री और विधायक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

– छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के परिणाम आज घोषित कर दिए गए हैं।

– छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी की द्वितीय मुख्य परीक्षा कल से शुरू हो गई है, जो बारह अगस्त तक चलेगी।

– राज्य शासन ने आज राज्य प्रशासनिक सेवा के उप सचिव और अवर सचिव स्तर के बीस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के डूमरपाली गांव में सर्पदंश से दो बच्चियों की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>